चेक इन करें
हर जगह
हर बार

# आपकी कोविडसेफ़ योजना

## 1. क्या आपके पास कोविडसेफ़ योजना है?

ऑन-साइट संचालनों वाले हर व्यवसाय में एक कोविडसेफ़ योजना होनी चाहिए। वर्कसेफ़ और अधिकृत अधिकारी विक्टोरिया की विभिन्न जगहों में स्पॉट चेकिंग (स्थल पर आकर जांच) कर रहे हैं।

## 2. क्या आप अपने सेक्टर के लिए कोविडसेफ़ सेटिंग्स के बारे में जानते/जानती हैं?

**coronavirus.vic.gov.au/guidance-sectors** में हर सेक्टर पर मार्गदर्शन उपलब्ध है। हर सेक्टर के मार्गदर्शन पेज में सलाह और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब होते हैं।

## 3. आपने अपने व्यवसाय को कोविडसेफ़ बनाने के लिए क्या किया है?

इन कार्यवाहियों में कर्मचारियों को फ़ेस मास्क जैसे व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण प्रदान करना, आपके व्यवसाय के प्रांगण में प्रवेश करने वाले हर किसी को चेक इन करने के लिए बढ़ावा करना, सैनिटाइज़र उपलब्ध कराना और अक्सर छूने वाली सतहों को डिसइंफ़ैक्ट (कीटाणुरहित) करना शामिल है।

## 4. आपकी कोविडसेफ़ योजना को अपडेट करने के लिए कौन ज़िम्मेदार है?

आपकी कोविडसेफ़ योजना की अक्सर समीक्षा की जानी चाहिए और उसे अपडेट किया जाना चाहिए, ताकि अपने कर्मचारियों, ठेकेदारों और ग्राहकों के लिए किसी भी नए प्रतिबंध का पालन करने और शर्तों को पूरा करने में मदद मिल सके।

## 5. क्या आपके कर्मचारी कोविडसेफ़ योजना के बारे में जानते हैं?

आपके कर्मचारियों के लिए आपकी कोविडसेफ़ योजना और आपके द्वारा की गई कार्यवाहियों को जानना ज़रूरी है। इससे उन्हें आपके व्यवसाय के लिए सुरक्षित रहने के महत्व को समझने और उनके बीमार होने पर घर पर रहने के महत्व को समझने में मदद मिलेगी। कोविड-19 के लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, और सांस फूलना, नाक बहना या गंध के आभास का चले जाना शामिल है।

## 6. क्या आपके पास अपना QR कोड है?

सभी व्यवसायों के लिए यह आवश्यक है कि वे विक्टोरियन सरकार के QR कोड सर्विस (कुछ सीमित अपवादों के साथ) का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि ग्राहक और कर्मचारी हर जगह, हर बार चेक इन करें, फिर चाहे वे प्रांगण में कितनी ही देर क्यों न हों। यह मुफ्त और उपयोग में आसान है और कोविड-19 फैलने को रोकने में मदद करता है। रजिस्टर करने के लिए coronavirus.vic.gov.au/QRcode पर जाएं।

## 7. क्या आप ग्राहकों को सही काम करने में मदद करने के लिए और अधिक साइन और पोस्टर प्राप्त करना चाहेंगे/चाहेंगी?

आपके व्यवसाय के लिए साइन, पोस्टर और स्टिकर **coronavirus.vic.gov.au/signs-posters-and-templates** पर उपलब्ध है

## 8. क्या आपको दूसरी भाषा में जानकारी की ज़रूरत है?

कोविडसेफ़ योजना बनाने से संबंधित व्यवसायों के लिए बिज़नेस विक्टोरिया हॉटलाइन 13 22 15 पर और coronavirus.vic.gov.au/translated-information-about-coronavirus-covid-19 में कई भाषाओं में जानकारी उपलब्ध है।

**www.coronavirus.vic.gov.au/vaccine पर जाकर अपना कोविड-19 वैक्सीनेशन (टीकाकरण) बुक करें।**

VICTORIA State Government

## इस तरह से आप अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को सुरक्षित रखेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| व्यवसाय का नाम: | | | |
| पता: | | | |
| योजना पूरा होने की अवधि: | | जॉब का शीर्षक: | |
| समीक्षा करने की तारीख: | | अगली समीक्षा: | |

## शारीरिक दूरी का अभ्यास करें

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| आपको लोगों की संख्या के प्रासंगिक अनुपात को लागू करना होगा। अपने क्षेत्र की मार्गदर्शिका को जांचकर देखें कि हर इलाके में कितने लोग सुरक्षित तौर पर हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपकी दुकान का आकार 30m$^2$ है, तो 2 वर्ग मीटर के नियम के तहत 15 लोग हो सकते हैं। | आपके क्षेत्र के लिए लोगों की संख्या का अनुपात क्या है?<br><br>आप लोगों की संख्या के अनुपात का पालन करने के लिए क्या कर रहे/रही हैं?<br><br>क्या आपने प्रवेश द्वार पर कोई साइन लगाया है?<br><br>यह सुनिश्चित करने के लिए कौन ज़िम्मेदार है कि आप लोगों की संख्या के अपने अनुपात से ज़्यादा भीड़ इकट्ठा न करें? |
| जहां संभव हो, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए 1.5 मीटर की शारीरिक दूरी बनाए रखने का लक्ष्य रखें। | क्या आपको लोगों के कार्यस्थल के अंदर आने, घूमने-फिरने और कार्यस्थल से बाहर जाने पर भीड़ को कम करने की आवश्कता है?<br><br>क्या आप लोगों को 1.5 मीटर की दूरी बनाए रखने हेतु प्रेरित करने के लिए फर्श पर मार्किंग या स्टिकर का उपयोग कर रहे/रही हैं? |
| आपको कर्मचारियों को शारीरिक दूरी बनाने पर प्रशिक्षण देना चाहिए। इसमें मौजूदा कोविडसेफ़ सेटिंग्स को समझना शामिल होना चाहिए।<br><br>इसे **coronavirus.vic.gov.au** में पाया जा सकता है। | अपने कर्मचारियों को शारीरिक दूरी बनाए रखने का महत्व समझाने के लिए आपने क्या किया है? |

## फ़ेस मास्क पहने

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कर्मचारी मौजूदा फ़ेस मास्क के नियम का पालन करें, जैसा कि **coronavirus.vic.gov.au/face-masks** में बताया गया है<br><br>नियम समय-समय पर बदल सकते हैं। | क्या आपके कर्मचारी आपके क्षेत्र में फ़ेस मास्क के नियम को समझते हैं?<br><br>क्या आप अपने कर्मचारियों को फ़ेस मास्क देते हैं? |

| | |
|---|---|
| आपको पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE) को सही फ़िट करने, इस्तेमाल करने और फेंकने के तरीके पर प्रशिक्षण, निर्देश और मार्गदर्शन देना चाहिए।<br><br>आपको कर्मचारियों को यह जानकारी देनी चाहिए कि दोबारा इस्तेमाल करने योग्य फ़ेस मास्क को हर रोज़ उपयोग के बाद धोया जाना चाहिए। हालांकि, अगर दिन के दौरान फ़ेस मास्क साफ तौर पर गंदा या गीला हो जाता है, तो इसे तुरंत बदलकर साफ फ़ेस मास्क लगाया जाना चाहिए। | यह सुनिश्चित करने के लिए कौन ज़िम्मेदार है कि आपके कर्मचारी यह समझते हैं कि PPE का इस्तेमाल कैसे करना है? |

## अच्छी स्वच्छता का पालन करना

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| आपको साझा करने वाली जगहों को बार-बार और नियमित तौर पर साफ़ और डिसइंफ़ेक्ट (कीटाणुरहित) करने के लिए सभी उचित कदम उठाने चाहिए, जिसमें दरवाजे के नॉब और टेलीफ़ोन जैसी अक्सर छूने वाली सतहें शामिल हैं।<br><br>आपको निम्न काम करने चाहिए:<br><br>• डिटर्जेंट और डिसइंफ़ेक्ट सहित, साफ़ करने वाले उचित उत्पादों से अक्सर छूने वाली सतहों को साफ़ करें।<br><br>• एक शिफ़्ट के समाप्त होने और दूसरी के शुरू होने के बीच सफ़ाई करें। | क्या आप अक्सर छूने वाली सतहों को दिन में दो बार साफ़ और डिसइंफ़ेक्ट करते/करती हैं, जिसमें दरवाज़े के नॉब, काउंटर और हैंडरेल शामिल हैं?<br><br>शिफ़्ट के बीच सफ़ाई करने के लिए कौन ज़िम्मेदार है? |
| आपको साझा जगहों में एक क्लीनिंग लॉग प्रदर्शित करना चाहिए। | आपका क्लीनिंग लॉग कहां है? |
| आपको सभी कर्मचारियों के लिए साबुन और हैंडसैनिटाइज़र उपलब्ध कराने चाहिए और उन्हें नियमित तौर पर हाथ धोने के लिए प्रेरित करना चाहिए। | क्या आपके पास सभी वॉश स्टेशंस में साबुन और पानी है?<br><br>क्या ग्राहक, डिलीवरी करने वाले लोग, ठेकेदार, कर्मचारी सभी कार्यस्थल में आने पर सैनिटाइज़र का उपयोग कर पाते हैं? |

## रिकॉर्ड रखें और कर्मचारी के बीमार होने पर तुरंत कार्यवाही करें

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| अगर आपके कर्मचारी बीमार हैं, तो आपको कर्मचारियों की जांच करवानी चाहिए और उन्हें घर पर ही रहने के लिए कहना चाहिए फिर चाहे उन्हें हल्के लक्षण ही क्यों न हों। | क्या आपको कोविड-19 के लक्षण पता हैं?<br><br>अगर कर्मचारियों में लक्षण दिखते हैं, तो क्या उन्हें पता है कि उन्हें घर पर रहना चाहिए और जांच करवानी चाहिए? |
| आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप किसी घटना को संभालने के लिए व्यावसायिक आकस्मिक योजना विकसित करें। इसमें शामिल हैं:<br><br>• किसी कर्मचारी को यह बताने की योजना बनाना कि वे पॉज़िटिव केस हैं या कार्यस्थल में निकटतम संपर्क रहे हैं।<br><br>• पॉज़िटिव केस मिलने की हालत में कार्यस्थल (या उसके किसी हिस्से) को साफ़ करने की योजना।<br><br>• अगर आपके कार्यस्थल में किसी व्यक्ति को कोविड-19 हो गया है, तो 13 23 60 पर स्वास्थ्य और वर्कसेफ़ विभाग विक्टोरिया को संपर्क करने की योजना।<br><br>• अगर आपको स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में रहने का निर्देश मिल हो, तो उसकी योजना।<br><br>• स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृति मिलने पर अपने कार्यस्थल को फिर से खोलने की योजना। | आप साइट पर सभी कर्मचारियों और ठेकेदारों के रिकॉर्ड कैसे रखते हैं?<br><br>अगर आपके कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को क्वारंटीन होने और जांच करवाने की ज़रूरत है, तो आप तुरंत उनसे कैसे संपर्क करेंगे?<br><br>अगर आपके कार्यस्थल में कोई पॉज़िटिव मिलता है, तो स्वास्थ्य और वर्कसेफ़ विभाग को जानकारी कौन देगा। |

| | |
|---|---|
| **सभी व्यवसायों को सर्विस विक्टोरिया ऐप के माध्यम से विक्टोरियन सरकार की QR कोड सर्विस (कुछ सीमित अपवादों के साथ) का इस्तेमाल करना होगा।**<br>**अगर आगंतुक (विज़िटर) खुद को चेक इन नहीं कर पाते हैं, तो सर्विस विक्टोरिया कियोस्क चेक-इन सर्विस स्थानों और व्यवसायों को आगंतुकों को चेक-इन करने के लिए अपने खुद के स्मार्टफ़ोन, टेबलेट या कम्प्यूटर का इस्तेमाल करने की सहूलियत देती है। इससे विक्टोरिया के निवासियों को सहूलियत मिलती है और कॉन्टैक्ट ट्रेसर्स (संपर्कों का पता लगाने वाले लोगों) को जल्दी से सबसे बढ़िया डेटा का एक्सेस मिलता है।**<br>**यह मुफ़्त, तेज़ और उपयोग में आसान है।** | **coronavirus.vic.gov.au/register-to-use-vic-gov-qr-code-service में जाकर विक्टोरियन सरकार QR कोड सर्विस में रजिस्टर करें।**<br>**अगर कोई पॉज़िटिव केस मिलता है, तो इससे वायरस को फैलने से रोकने के लिए तेज़ और प्रभावी ढंग से संपर्कों का पता लगाने की सुविधा मिलेगी।**<br>**सुनिश्चित करें कि कर्मचारी, ठेकेदार, ग्राहक और आगंतुक चेक इन करते हैं।** |

## बंद जगहों में लंबे समय तक रहने से बचें

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| आपको कर्मचारियों के बंद जगहों में काम करने के समय को कम करना चाहिए। इससे निम्न बातें शामिल हो सकती हैं:<br>• कर्मचारियों को बाहरी माहौल में काम करने में सक्षम बनाना।<br>• बाहर जितनी ज़्यादा गतिविधि हो सके उतना अच्छा, इसमें ग्राहकों को सेवाएं देना, मीटिंग, टीरूम, लंचब्रेक और लॉकर रूम शामिल है।<br>• खिड़कियां और दरवाज़ें खोलकर हवा का प्रवाह बनाए रखना।<br>• एयर कंडीशनिंग सिस्टम में ताज़ी हवा के प्रवाह का इष्टतम तरीका ढूंढ़ना। | क्या आप दरवाज़ें या खिड़कियां खोल सकते/सकती हैं या गतिविधि को बाहर ले जा सकते/सकती हैं? |

## वर्कफ़ोर्स बबल बनाना

| आवश्यकताएं ओर सलाह | कार्यवाही |
|---|---|
| कर्मचारियों के समूहों को एक ही कार्यस्थल में समान शिफ़्टों पर रोस्टर्ड रखने पर विचार करें। शिफ़्ट बदलने के दौरान कर्मचारियों के किसी भी ओवरलैप से बचें, खास तौर पर अगर ऐसा करना व्यावहारिक हो तो। | क्या आप कर्मचारियों को समूहों में रखते/रखती हैं, जिससे इस संख्या को कम किया जाता है कि वे कितने लोगों के संपर्क में आते हैं?<br>अगर कोई पॉज़िटिव केस मिलता है, तो आप इसे अपनी टीम में फैलने से कैसे रोकेंगे?<br>क्या टीमें अलग-अलग दिनों में असाइन की जाती हैं? |

यह दस्तावेज़ कोविडसेफ़ योजना बनाने में छोटे व्यवसायों की मदद करने के लिए एक मार्गदर्शिका है।
कृपया सुनिश्चित करें कि आपने **CORONAVIRUS.vic.gov.au** में अपने उद्योग के लिए नवीनतम शर्तों की जांच की है।

हमारी गोपनीयता नीति के अनुसार, आपके द्वारा दी गई सभी जानकारी गोपनीय होगी और इसका इस्तेमाल केवल सूचित उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।

हमारी गोपनीयता नीति पर ज्यादा जानकारी के लिए, कृपया। **icc@ecodev.vic.gov.au** पर ईमेल करें या 13 22 15 पर बिज़नेस विक्टोरिया हॉटलाइन को कॉल करें।

**चेक इन करें हर जगह हर बार**

हमारी कोविडसेफ़ योजना से संबंधित मदद के लिए, **CORONAVIRUS.vic.gov.au** पर जाएं या बिज़नेस विक्टोरिया हॉटलाइन को **13 22 15** पर कॉल करें। अनुवादक उपलब्ध हैं।

VICTORIA State Government

DJPR 13413